जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

सराहनीय कार्य

ऑपरेशन मुस्कान के तहत यातायात पुलिस ने बिछड़े हुये बच्चे को परिजनों से मिलाया गया।

दिनांक 19.03.2024 को यातायात पुलिस में तैनात उ0नि0 लाल सिंह को नगर उरई में ड्यूटी के दौरान एक बच्चा उम्र करीब 03 वर्ष मिला, जो खेलते-खेलते अपने परिजनों से बिछड़ कर दूर निकल आया था और रास्ता भटक गया था एवं परेशान होकर रोते हुये इधर उधर घूम रहा था। यातायात उ0नि0 लाल सिंह द्वारा बच्चे को अपनी संरक्षा में लिया गया एवं परिजनों के बारे में पूंछा तो बच्चा अपने परिजन एवं निवास स्थान के बारे में सही से नही बता पा रहा था। उ0नि0 द्वारा अथक प्रयास करते हुये बच्चे के परिजनो को तलाश कर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों ने बताया कि वह मौनी मंदिर परिसर उरई में चल रहे सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ से आये थे। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी।